विश्व पर्यावरण दिवस पर आरएनटीयू में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः विश्व पर्यावरण दिवस-2026 के अवसर पर रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू), भोपाल के सी.वी. रमन विज्ञान संचार केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इंजीनियरिंग विभाग के सहयोग से 4 से 6 जून तक तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम को मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी), भोपाल का सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जैव विविधता संवर्धन तथा सतत विकास के प्रति विद्यार्थियों और समाज में जागरूकता बढ़ाना था। आयोजन के पहले दिन निबंध लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को भोजपुर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा गोकुला कुंडी क्षेत्र में ग्रामीणों को निःशुल्क पौधों का वितरण कर वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के अंतिम दिन विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण अभियान और विशेष व्याख्यान सत्र का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सैकड़ों पौधे लगाए और हरित वातावरण निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ. आर.पी. दुबे ने की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है तथा विश्वविद्यालयों की जिम्मेदारी है कि वे युवाओं को पर्यावरणीय चेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ें।

विशेष व्याख्यान में प्रसिद्ध पर्यावरणविद् शरद कुमरे ने जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय चुनौतियों और जनभागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं प्रख्यात एंकर एवं कमेंटेटर विनय उपाध्याय ने युवाओं से पर्यावरण संरक्षण अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

150 दिन लगातार बिजली उत्पादन कर संजय गांधी थर्मल पावर स्टेशन ने बनाया रिकॉर्ड

नप्र, भोपालः मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के संजय गांधी थर्मल पावर स्टेशन (एसजीटीपीएस), बिरसिंहपुर ने बिजली उत्पादन के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। स्टेशन की 210 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट क्रमांक-2 ने 14 जनवरी से लगातार 150 दिनों तक बिना किसी रुकावट के बिजली उत्पादन कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस उपलब्धि पर स्टेशन के अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मेहनत, तकनीकी दक्षता और समर्पण के कारण प्रदेश की उत्पादन इकाइयां लगातार राष्ट्रीय स्तर पर नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी प्रदेश की बिजली उत्पादन इकाइयां उच्चतम विश्वसनीयता और दक्षता के साथ कार्य करती रहेंगी।

वीआईटी भोपाल में एसडीईआरएफ ने दिया आपदा प्रबंधन और अग्निशमन प्रशिक्षण

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय में मध्यप्रदेश एसडीईआरएफ, होमगार्ड और सिविल डिफेंस के सहयोग से एक दिवसीय अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य संस्थान के कर्मचारियों को आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया के लिए तैयार करना था। कार्यक्रम के प्रथम चरण में विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में विशेषज्ञों ने आगजनी, प्राकृतिक आपदाओं और बचाव कार्यों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। एसडीईआरएफ कमांड सेंटर भोपाल से आए अधिकारियों तथा भोपाल नगर निगम के फायर अधिकारी ने आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया और प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। दूसरे चरण में परिसर में मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस दौरान पांच मंजिला भवन से आपदाग्रस्त व्यक्तियों के रेस्क्यू का प्रदर्शन किया गया।

बचाव दल ने प्रभावित व्यक्ति को सुरक्षित निकालकर सीपीआर देने और एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया का भी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन पर एसडीईआरएफ और होमगार्ड के अधिकारियों को शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

विश्वविद्यालय प्रबंधन ने प्रशिक्षण को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने और आपातकालीन परिस्थितियों में बेहतर तैयारी सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

रेलवे के नवनिर्मित जोनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का उद्घाटन, महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने निशातपुरा स्थित नवनिर्मित मल्टी डिसिप्लिनरी जोनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एमडीजेडटीआई) का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने लोको पायलट प्रमोशन कोर्स के प्रथम बैच के 40 प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर प्रशिक्षण व्यवस्थाओं और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

महाप्रबंधक ने छात्रावास, मेस, क्लासरूम, प्रशासनिक भवन, ऑडिटोरियम तथा प्रशिक्षण कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थान में उपलब्ध आधुनिक संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर रेलवे कर्मचारियों को उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण प्रदान करने पर जोर दिया। साथ ही परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित परिसर विकसित करने का संदेश दिया।

दिलीप कुमार सिंह ने भोपाल-इटारसी रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण भी किया। इस दौरान रेल पथ, सिग्नलिंग प्रणाली, पुलों, समपार फाटकों, ओएचई तथा अन्य संरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने रेलखंड में चल रहे अनुरक्षण एवं अधोसंरचना विकास कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की।

महाप्रबंधक ने भोपाल स्टेशन पर यात्री सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था, फुट ओवर ब्रिज और यात्री आवागमन प्रबंधन का निरीक्षण किया।

उन्होंने रेलकर्मियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर यूनियन प्रतिनिधियों से चर्चा भी की। इटारसी दौरे के दौरान उन्होंने दर्शन सिंह चौधरी से मुलाकात कर क्षेत्र की रेल आवश्यकताओं और स्टेशन विकास से जुड़े सुझाव प्राप्त किए।

इसके अलावा उन्होंने इटारसी बायपास रेल लाइन परियोजना और विद्युत लोको शेड का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों, अनुरक्षण प्रणाली और सिम्युलेटर रूम का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को संरक्षा और गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर रेलवे मुख्यालय और भोपाल मंडल के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

वीआईटी भोपाल को 5.2 करोड़ की शोध फंडिंग

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय ने अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में एक और उपलब्धि हासिल करते हुए 28 प्रायोजित शोध परियोजनाओं के लिए 5.2 करोड़ से अधिक की बाहरी फंडिंग प्राप्त की है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय को कृषि, स्वास्थ्य, साइबर सुरक्षा, सतत विकास और उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से उभरते शोध केंद्र के रूप में स्थापित कर रही है।

विश्वविद्यालय में विकसित नवाचारों में बिल्ट-इन पावर बैंक चार्जर, मल्टी-सोर्स हाइब्रिड पावर बैंक, ड्रॉप सुविधा वाला क्वाडकॉप्टर, मल्टीपर्पज डिटैचेबल बैकपैक और फ्लोर चेयर शामिल हैं। वहीं सार्वजनिक सुरक्षा और परिवहन के लिए एडवांस एयरबैग सिस्टम, ट्रैफिक लेन प्रायोरिटी सिस्टम, इंट्रूजन डिटेक्शन सिस्टम और स्ट्रक्चरल क्रैक डिटेक्शन तकनीक पर भी शोध किया गया है। विश्वविद्यालय को अब तक छह डिजाइन पंजीकरण प्राप्त हो चुके हैं, जबकि 10 उपयोगिता पेटेंट आवेदन परीक्षणाधीन हैं। एआई आधारित सटीक खेती, रोग निगरानी, साइबर सुरक्षा, संचार तकनीक और एयरोस्पेस से जुड़े शोध राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को मजबूत कर रहे हैं। इसके अलावा जैव-अवक्रमणीय सामग्री और पर्यावरण अनुकूल तकनीकों पर भी कार्य जारी है। विश्वविद्यालय शोध को समाजोपयोगी तकनीक में बदलकर नवाचार, उद्यमिता और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को गति देने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है।

जाहिर-सूचना

मकान क्रं. डी-62, गिरनार हिल्स, जोन क्रमांक-12, वार्ड क्र.-54, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती विनीता जैन पत्नी श्री शैलेंद्र जैन वयस्क निवासी C/O Aruna Jain, 40, 7 No Choraha, Haksar Colony, Morar, Gwalior, MP – 474006, एवं शैलेंद्र जैन वयस्क पुत्र श्री दूडिया सिंह आदिवासी, निवासी C/O Kamal jain, 40, 7 No Choraha, Haksar Colony, PO. Morar, Dist. Gwalior, MP–474006 के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य का मकान क्रं. डी-62, गिरनार हिल्स, जोन क्रमांक-12, वार्ड क्रं.-54, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) में जो, गिरनार हिल्स जोन क्रमांक-12, वार्ड क्रं.-54, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है जिसका साईज 4.87 x 10.66 = 51.91 वर्गमीटर है। उक्त भूखण्ड जिस भूमि पर स्थित है वह भूखंण्ड भूमि खसरा नं. 63, 64, 65/311/60, 66, 67 पांच किता कुल रकबा 9.31 एकड़ के अंश भाग पर ग्राम-अमरावदखुर्द, पटवारी हल्का नं.-19, तहसील हुजूर, जिला भोपाल में स्थित है। क्रय करने का अनुबंध किया है व उपरोक्त विक्रेता को बयाना राशि Rs 51,000 का भुगतान भी कर दिया है तथा शीघ्र ही विक्रयपत्र निष्पादित कराया जाना है, उक्त मकान पर यदि किसी अन्य व्यक्ति, संस्था, फर्म, बैंक, सहकारी समिति, किसी शासकीय या अशासकीय विभाग आदि का उक्त संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का कोई हित, स्वत्व, अनुबंध पत्र, लेनदारी, डिक्री, चार्ज, मेंटेनेंस, जमानत या कोई न्यायालयीन विवाद आदि हो, तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस की समयावधि में लिखित व सप्रमाण मेरे कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त समयावधि पश्चात मेरे पक्षकार, उक्त विक्रेता से विक्रयपत्र निष्पादित करवाने हेतु, स्वतंत्र होंगे तथा समयावधि पश्चात कोई आपत्ति व दावा मान्य नहीं माना जायेगा व मेरे पक्षकार पर भी बंधनकारी नहीं होगा।

ज्ञानी भूषण श्रीवास्तव (अधिवक्ता)
सी-3, वेंकटेश नगर, ई-8, भोपाल-462039 (म.प्र.)
मोबा. 9630419432, 8770994103

614

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-2,अयोध्या नगर, भोपाल

आम सूचना

अयोध्या एक्सटेंशन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड/भवन क्रमांक डी.एम.-19 मण्डल द्वारा श्री संजय साहू आत्मज श्री कमल किशोर साहू के नाम हस्तान्तरण आदेश क्र. 558 दिनांक 30/01/2025 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 25/11/2024 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति सुश्री सुमन गुर्जर पुत्री श्री बृजलाल गुर्जर के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 29/03/2026 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति सुश्री सुमन गुर्जर पुत्री श्री बृजलाल गुर्जर के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति /उत्तराधिकारी/ या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-2 भोपाल

613

जाहिर सूचना

(खसरा क्र. 205/1, 205/2 रकबा क्रमशः 1.0400, 0.76000 हेक्टेयर अर्थात 5 एकड़ ग्राम थुआखेड़ा, कोलार रोड, जिला भोपाल (म.प्र.) के संबंध में)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार श्रीमती हरबी बाई पत्नी स्व. श्री देवी सिंह निवासी थुआखेड़ा, कोलार रोड, भोपाल (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की अविकसित/अव्यपवर्तित कृषि भूमि जिसका खसरा क्रमांक 205/1,205/2 रकबा क्रमशः 1.0400, 0.76000 हेक्टेयर अर्थात 5 एकड़ जो कि ग्राम - थुआखेड़ा, कोलार रोड, जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है. जिस मेरी पक्षकारा द्वारा वर्ष 1983 में प्यारेलाल एवं ब्रजलाल से एक सादे कागज पर हस्तलिपि में लेखकर नोटराईज निष्पादित कर क्रय किया गया था परंतु आदिवासी पटटे की भूमि होने के कारण उपरोक्त संपत्ति विधिवत रजिस्ट्री निष्पादित न होने के कारण वर्ष 2007 में प्यारेलाल एवं ब्रजलाल द्वारा उपरोक्त संपत्ति दिनांक 04/02/2007 को दानपत्र निष्पादित कर हमेशा हमेशा के लिये मेरी पक्षकारा दान कर दिया गया, परंतु प्यारेलाल एवं ब्रजलाल के स्वर्गवास के पश्चात उनके पुत्र लखन व प्रकाश उईके द्वारा अनीता ठाकु एवं रिजवान अली खान के साथ मिलीभगत कर मेरी पक्षकारा की उपरोक्त संपत्ति को गलत सीमांकन के आधार पर बेदल कर, संपत्ति को खुर्द बुर्द कर विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है। अतएव उक्त भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति, संस्था, सोसायटी संव्यवहार ना करे और ना ही उक्त भूमि को क्रय करने हेतु कोई अनुबंध पत्र निष्पादित करे और ना ही विक्रय पत्र पंजीयन निष्पादित करावे। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक या सोसायटी द्वारा उक्त व्यक्तियो से मेरे पक्षकार की अनुमति के बगैर किसी प्रकार का कोई भी संव्यवहार किया जाता है या विक्रय पत्र निष्पादन कराया जाता है तो वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा. जिस हेतु वह स्वयं जिम्मेदार होगे।

कृष्ण सहाय श्रीवास्तव, अधिवक्ता
आफिसः-126-127, प्रथम तल, लायर्स लॉ चेम्बर, अरेरा हिल्स भोपाल (म.प्र.)
मो. नं. 9893885370, 9131456411

612

सूडोकु नवताल- 7812

सरल

		6	4		5	8		
9				1				7
6	5			4			7	1
	4						2	
1	2			6			9	8
3				8				9
		8	6		9	5		

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7811 का हल

2	4	5	6	9	8	1	7	3
1	7	6	4	3	5	8	2	9
3	8	9	1	2	7	6	5	4
9	1	7	3	6	2	4	8	5
5	6	3	8	7	4	9	1	2
4	2	8	5	1	9	3	6	7
7	3	1	9	5	6	2	4	8
8	9	2	7	4	1	5	3	6
6	5	4	2	8	3	7	9	1

काकुरो पहेली - 7485



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 7484 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8882



बाएँ से दाएँ

1. वटवृक्ष, बट-4
4. मितव्यय,बचत 4
6. .....-सनाप, बेतुकी बकवास-3
8. भाड़-3
9. मृत्यु होना-3
11. खुशी, सहमत 2
12. अक्लमंद, समझ वाला-5
15. बलिदान, उत्सर्ग-2
16. जबान, जीभ, जिह्वा 3
18. गिरोह, मंडली, समूह-3
19. अपनापन, प्रेम, स्नेह 3
20. फूलना-फलना-4
22. अभिलाषा, आकांक्षा, हसरत 4

ऊपर से नीचे

1. कलंकित, निंदित, लांछित-3
2. दुख, शोक, अफसोस-2
3. खात्मा, समाप्ति, बर्बाद 3
4. मकान आदि भाड़े पर लेने वाला-5
5. संस्कृति, सभ्यता 4
7. स्पर्श, छूना-3
10. ख्याति अर्जित करना (मु. 2,3)
12. वह आरोप जो किसी आरोप के जवाब में किया जाय 4
14. परंपरा, नियम, चाल -3
17. ख्याति, जाना पहचाना 3
18. माला आदि फैरना-3
21. जेबकतरा, ठग, डाकू-2

शब्द पहेली -8881 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7324



ऊपर से नीचेः-

१. सतीश, सुभाष घई, अर्चना की फिल्म-३
२. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली फिल्म-३
३. 'तेरी चाहत में दीवाना हूँ' गीत वाली फरदीन खान, सेलिना की फिल्म-४
४. संजयदत्त, अतुल, रवीना, करिश्मा की 'काश तुम मुझसे एक' गीत वाली फिल्म-३
५. राजेश खन्ना, ऋषिकपूर, पूनम की फिल्म-३
८. 'तुम भी चलो हम' गीत वाली फिल्म-३
१०. फारूख शेख, नसीरूद्दीनशाह, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
१२. अक्षयकुमार, रवीना टण्डन की 'एक लड़की एक लड़का' गीत वाली फिल्म-३
१३. फिल्म 'पुष्पक' में कमल हासन के साथ नायिका कौन थी-३
१४. प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१५. 'उड़ जा काले कावां' गीतवाली फिल्म-३
१६. नसीर, अतुल अग्निहोत्री की फिल्म-२
१७. शशि कपूर, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२,२
१९. अनिलकपूर, जैकी, अजय, मनीषा, माधुरी, सोनाली, रेखा की फिल्म-२
२०. 'मेरा सेहरा तू है' गीत वाली फिल्म-२
२२. सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
२४. 'चढ़ती जवानी मेरी चाल' गीत वाली फिल्म-३
२५. फिल्म 'अजूबा' में 'शहजादी हिना' की भूमिका किसने की थी-३
२६. 'तू लाली है सवेरे वाली' गीत वाली फिल्म-३
२७. फिल्म 'शर्मीली' में शशिकपूर के साथ नायिका कौन थी-२

बायें से दायेंः-

१. अभिषेक, सुनील, ऐश, शबाना की 'बहका दिया' गीत वाली फिल्म-४,२
४. 'दोस्ती हो गई रे' गीत वाली सुनील शेट्टी, सुष्मिता, नम्रता की फिल्म-३
६. 'छोड़ो मुझे' गीत वाली फिल्म 'जानू' में जैकी के साथ नायिका कौन थी-२
७. 'दिल खुश है आज उनसे' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना कुमारी की फिल्म-३
९. फिल्म 'प्यार का साया' में राहुलराय के साथ नायिका कौन थी-२
११. एम. एफ. हुसैन की फिल्म 'गजगामिनी' में मुंशी प्रेमचंद की 'निर्मला' की भूमिका किसने की है-३
१३. राजेंद्रकुमार, बबीता की 'रिमझिम के गीत सावन गाए' गीतवाली फिल्म-४
१४. 'रामजी की निकली सवारी' गीतवाली ऋषिकपूर, जयाप्रदा की फिल्म-४
१६. कमल हासन, श्रीदेवी की 'ऐ जिंदगी गले लगा ले' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'चोरी चोरी तेरे संग' गीत वाली मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२०. लकी अली, गौरी कार्णिक की 'कभी शाम ढले तू मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हमीं से मोहब्बत हमीं से' गीत वाली दिलीपकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
२३. अनिलकपूर, माधुरी की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'फूल सा चेहरा चाँद सी' गीत वाली प्रदीपकुमार, नगिंस की फिल्म-२,२,२
२८. देव आनंद, गिरीश, टीना मुनीम की 'आवाज सुरीली का' गीत वाली फिल्म-५

फिल्म वर्ग पहेली- 7323

क	ल	यु	ग		जा	न	ए	म	न
भी		वा		दि	ल		ला		या
अ	क्स		शि	वा		खा	न	दा	न
ल		ठि	का	ना		मो			शा
वि			र		आ	शी	र्वा	द	
दा	मि	नी		भा	ई			ह	स्ती
ना		ल	क्ष्य		ना	ला	य	क	
क	स	म		स		ट			मं
ह			दौ	ड़		सा	थ	सा	थ
ना	स्ति	क		क	री	ब			न

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग- 7418

1	3		4	5	7	
	25	7	32		36	
	2		6	3		4
3	31	6	32		33	
	5			1		7
5	37	5	31		30	
	5		3	2	7	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7417 का हल

4	3	2	7	6	1	5
5	33	7	35	1	28	3
1	6	5	4	3	7	2
2	35	3	35	7	32	6
7	5	6	3	4	2	1
6	33	1	31	5	30	4
3	1	4	6	2	5	7

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल- 8438

शब्द जाल में 'ज' से शुरु होनेवाले 10 शब्दों के नाम ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

या	ज	गा	र	ग	ब	ज	क	प	ल	क
दें	वा	ज	क	या	ज	का	मौ	स	ज	ड़
क	ह	या	य	र्म	छ	स	या	ता	य	क
क	र	ल	र	दे	वी	स	न	ल	श	क
ज	इ	ल	म	सं	व	ज	श	र	ला	ल
क	ज	दा	ई	र	ब	ज	फ	लो	श	ज
क	ज	चे	दा	ई	क	स	री	ग	प	न
द	र	मी	प	व	ज	ना	र्द	न	ज	स
क	ज	ल	ज	न	व	री	ऐ	ना	प	ह
क	मी	ल	प	द	या	स	मा	ज	स	यो
का	न	चे	न्न	ई	क	ज	री	ग	प	ग

जवाहर, जयदेव, जनता, जय, जनार्दन, जनवरी, जनसहयोग, जमाना, जमीदार, जमीन.

शब्दजाल - 8437 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore